दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 12 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 105

## दिल्ली पुलिस ने एक वॉट्सऐप ग्रुप से 37 लोगों की पहचान की

» जेएनयू हिंसा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जेएनयू में छात्रों पर हुए हमले की दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच जांच करने में जुटी हुई है। इसमें 37 लोगों की पहचान कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस की एसआईटी ने 37 लोगों की पहचान की है। इसमें 10 बाहरी लोग हैं। यह लोग उसी व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े हैं, जिस पर हमले की साजिश रची गई थी। ग्रुप में 60 सदस्य थे।

आपको बताते जाए कि दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को रविवार रात को जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में हिंसा के मामले में हमलावरों की फोटो जारी की है। इसमें जेएनयू छात्रसंघ की अध्यक्ष आइशी घोष सहित 9 हमलावर हैं। फोटो में आरोपियों के नाम भी हैं।



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि जिन हमलावरों की पहचान हुई है, उनमें आइशी घोष, चुनचुन कुमार, पंकज मिश्रा, योगेंद्र भारद्वाज, भास्कर विजय, प्रियरंजन, विकास पटेल, सुजेता तालुकदार व सोनल सामंता के नाम हैं। अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। जल्द ही इन लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा जाएगा।

## प्रियका यूपी में घड़ियाली आंसू बहाने आतीं:मायावती



**लखनऊ (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर शनिवार को सीधा हमला बोला और अपनी पार्टी को देश की अन्य पार्टियों से बेहतर बताते हुये कहा कि वो अन्य की तरह दोहरा मापदंड नहीं अपनाती ।

सुश्री मायावती ने शनिवार को किये ट्वीट में कहा कि कांग्रेस महासचिव अपने निजी कार्यक्रम में कल राजस्थान तो जाती हैं लेकिन कोटा जाना जरूरी नहीं समझती जहां के एक अस्पताल में 100 से ज्यादा बच्चों की मौत सरकार की लापरवाही से हुई है। प्रियंका खुद एक मां हैं । बेहतर होता कि वो कोटा भी जातीं और अपने बच्चे खो चुके मांओं के आंसू पोछती। उन्होंने कहा कि प्रियंका ओछी राजनीति के तहत उत्तर प्रदेश बार बार घड़ियाली आंसू बहाने आ जाती है।

### राजधानी में हल्का कोहरा, अत्यंत खराब श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अधिकांश इलाकों में शनिवार को हल्का कोहरा देखा गया, वहीं दिल्ली में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। क्षेत्र का अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, एनसीआर में आगामी दिनों में भी कोहरे का प्रभाव रह सकता है। आईएमडी अधिकारियों के अनुसार, सुबह के दौरान दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई, वहीं आर्द्रता 91 प्रतिशत दर्ज की गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शाह करेंगे कई कार्यक्रमों में शिरकत

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री तथा गांधीनगर के लोकसभा सांसद अमित शाह आज गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय (जीटीयू)के दीक्षांत समारोह के अलावा कुछ अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। शाह कल रात यहां आये पहुंचे थे। वह पहले गांधीनगर में गुजरात पुलिस की एक साइबर परियोजना का उद्घाटन करेंगे। वह रेलवे संबंधी कुछ परियोजनाओं का भी उद्घाटन करने के बाद जीटीयू के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। शाम को वह अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के तहत आने वाले अहमदाबाद के घाटलोडिया इलाके में भी अपने समर्थकों के साथ मुलाकात करेंगे। वह कल सुबह नयी दिल्ली लौट जायेंगे।

### स्मृति से ज्यादा रैलियां कराना चाहती है बीजेपी

» दिल्ली चुनाव

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उन स्टार प्रचारकों में शामिल रहेंगी, जिनकी बीजेपी अधिक से अधिक रैलियां कराएगी। ऐसा पार्टी सूत्रों का कहना है। पार्टी नेताओं का कहना है कि जिस तरह से बीते चार जनवरी को मेरी दिल्ली-मेरा सुझाव मुहिम को हरी झंडी दिखाने के लिए खासतौर से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को आमंत्रित किया गया, उससे संकेत मिले हैं कि पूरे चुनाव में उनकी खास भूमिका होगी। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी से हराने के बाद स्मृति ईरानी का पार्टी में कद और बढ़ा है। महाराष्ट्र और झारखंड के हालिया विधानसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक स्मृति ईरानी को पार्टी ने काफी तवज्जो भी दिया। उम्मीदवारों में भी उनकी रैलियों के लिए होड़ लगी रही।

### ट्रक से टक्कर के बाद बस में लगी भीषण आग, 20 लोगों की मौत

**कन्नौज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में शुक्रवार रात जीटी रोड हाइवे पर डबल डेकर बस और ट्रक में भंयकर टक्कर हो गई। इसके बाद बस में आग लग गई। इस हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर कहा कि घायलों की हरसंभव मदद की जा रही है और घायलों को 50 हजार और मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा । मिली जानकारी के अनुसार, बस कन्नौज के गुरसहायगंज से जयपुर जा रही थी।बस में करीब 43 लोग सवार थे। हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है।

### कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 26 ट्रेनें चल रही हैं एक से 5 घंटे लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोहरे और ठंड की वजह से दिल्ली आ रही 26 ट्रेनें आज विलंब से आ रही है। ये ट्रेनें एक से पांच घंटे तक लेट बताई जा रही है। इन ट्रेनों में सबसे ज्यादा लेट रक्सौल-आनंद विहार सद्भावना एक्सप्रेस है, जो पांच घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही है। वहीं, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोतम एक्सप्रेस तीन घंटे, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, दरभंगा-आनन्द विहार सपंर्क क्रांति एक्सप्रेस एक घंटे, रीवा आनन्द विहार रीवा एक्सप्रेस दो घंटे, आजम-नई दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस दो घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस तीन घंटे लेट चल रही है।

### 288 बोरा चावल मालगाड़ी से गायब

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** दक्षिण-पूर्व जोन के आरपीएफ आईजी एसके पाढ़ी ने फोन पर बताया कि झारसुगुड़ा पोस्ट से चावल बोरा बरामद होने की सूचना शुक्रवार को मिली। इससे चक्रधरपुर मंडल की रेल लाइन पर दौड़ती मालगाड़ी के वैगन से चावल का 288 बोरे चोरी होने का मामला सामने आया है।

## प्रधानमंत्री ने कन्नौज सड़क दुर्घटना पर शोक प्रकट किया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कन्नौज में हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु हो जाने पर गहरा दुख प्रकट किया है।

उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, उत्तर प्रदेश के कन्नौज में हुए भीषण सड़क हादसे के बारे में जानकर अत्यंत दुख पहुंचा है। इस दुर्घटना में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के चिलोई गांव के निकट एक निजी स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर के बाद लगी भीषण आग लग गई। इस आग में 20 लोगों की जलकर मौत हो गई है। बस में 40 से ज्यादा सवारियां मौजूद थीं।

## अकेले पश्चिम बंगाल में रेलवे को हुआ 84 करोड़ का नुकसान

» सीएए व एनआरसी पर प्रदर्शन का मामला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में 13 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच सीएए और एनआरसी के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में उसे 84 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। भारतीय रेलवे के अनुसार कोलकाता हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल की गई रिपोर्ट में रेलवे ने यह बात कही गई है। पूर्वी रेलवे ने मुख्य न्यायाधीश टी बी एन राधाकृष्णन और न्यायमूर्ति ए बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष एक हलफनामे में कहा कि विरोध प्रदर्शन के चलते उसे 72.2 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हलफनामे में बताया गया कि सबसे अधिक 46 करोड़ रुपये का नुकसान सियालदह डिवीजन में हुआ। इसके अलावा मालदा डिविजन में 24.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। दक्षिण पूर्वी रेलवे ने एक अलग हलफनामे में कहा कि उसे 12.75 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

## एलसीए नेवी की आईएनएस विक्रमादित्य पर प्रथम लैंडिंग

**नईदिल्ली (आरएनएस)। शोर बेस्ड टेस्ट फेसिलिटी (एसबीटीएफ) पर व्यापक परीक्षणों के पूर्ण होने के बाद लाइट कम्बैट एअरक्राफ्ट (एलसीए) ने शनिवार को 10:02 बजे आईएनएस विक्रमादित्य के बोर्ड पर लैंडिंग की।**



कमोडोर जयदीप मावलंकर ने इस प्रथम लैंडिंग का परिचालन किया। कैप्टन दहिया लैंडिंग सेफ्टी ऑफिसर (एलएसओ) और कमोडोर विवेक पांडे जहाज पर टेस्ट डायरेक्टर थे जबकि कमोडोर अंकुर जैन एसबीटीएफ से टेलीमेट्री के जरिए एअरक्राफ्ट की निगरानी कर रहे थे। एलसीए नेवी का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किया गया है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने डीआरडीओ, एरोनोटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), भारतीय नौसेना, हिन्दुस्तान एरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) तथा एरोनोटिकल क्वालिटी एश्योरेंस महानिदेशालय (डीजीएक्यूए) की टीमों को बधाई दी है।

## पीएम मोदी ने ओमान के सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद के निधन पर शोक प्रकट किया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओमान के सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, मुझे महामहिम सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख पहुंचा है। वह दूरदर्शी नेता और राजनेता थे जिन्होंने ओमान को आधुनिक और समृद्ध राष्ट्र में परिवर्तित करने में अहम भूमिका निभाई। वह हमारे क्षेत्र और विश्व के लिए शान्ति के अग्रदूत थे। वह 79 वर्ष के थे।

सुल्तान कबूस भारत के सच्चे मित्र थे और उन्होंने भारत और ओमान के बीच जीवन्त सामरिक साझेदारी विकसित करने की दिशा में सशक्त नेतृत्व प्रदान किया। मैं उनकी ओर से मिले सौहार्द और प्रेम की स्मृतियों को सदैव संजोकर रखूंगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें। बता दें कि सुल्तान काबूस का जन्म 18 नवंबर 1940 को सलालाह में हुआ था। वह अल बू सईद वंश के वंशज थे। बताया जाता है कि सुल्तान काबूस की पढ़ाई भारत और सैंडहर्स्ट की रॉयल मिलिट्री एकेडमी में हुई थी। सईद ने 1970 में अपने पिता सईद बिन तैमूर का तख्तापलट कर ओमान की बागडोर अपने हाथ में ली थी। पांच साल के शासन में सईद ने ओमान को गरीबी से निकालकर विकास की पटरी पर लाकर खड़ा कर दिया। सईद ने तेल के भंडारों के जरिए खाड़ी में अपना अलग मुकाम बनाया और दुनिया भर के देशों के साथ आपसी रिश्ते मजबूत किए।

## वायु सेना प्रमुख भदौरिया ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने शनिवार को दिल्ली कैंट में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर 2020 का दौरा किया। वायु सेना प्रमुख ने सेना, नौसेना और वायु सेना से एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत इस सलामी गारद का निरीक्षण किया। इसके बाद कैडेट्स द्वारा एक बैंड डिस्प्ले किया गया। वायु सेनाध्यक्ष ने विभिन्न सामाजिक जागरूकता विषयों को दर्शाते हुए सभी 17 एनसीसी निदेशालयों के कैडेटों द्वारा तैयार किए गए फ्लैग एरिया का भी निरीक्षण किया। उन्हें कैडेटों द्वारा संबंधित मॉडलों पर संक्षिप्त जानकारी दी गई।

एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने एनसीसी के एक गौरवशाली कार्यक्रम हॉल ऑफ फेम, का दौरा किया जिसमें एनसीसी के



तीनों विंगों के पूर्व छात्रों की तस्वीरों, मॉडलों, प्रेरक प्रसंगों और अन्य सुंदर दृश्यों से समृद्ध अभिलेखीय संग्रह का प्रदर्शन किया था। बाद में वायु सेनाध्यक्ष और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कैडेटों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया।

## देश की दूसरी प्राइवेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस 17 जनवरी से चलेगी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की दूसरी प्राइवेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस 17 जनवरी से मुंबई-अहमदाबाद रूट पर चलेगी। इसके कॉमर्शियल लॉन्च की तारीख 19 जनवरी तय की गई है। आईआरसीटीसी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है। अहमदाबाद से मुंबई रूट पर चलने वाले तेजस एक्सप्रेस में कुल 758 सीटें हैं, जिनमें 56 सीटें एग्जिक्यूटिव क्लास की और बाकी सीटें एसी चेयर क्लास की हैं।

रेलवे के अनुसार इस ट्रेन की स्पीड 160 किमी प्रति घंटा होगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन में बिजली की खपत भी कम होगी। ट्रेन की हर सीट के बैक साइड एक एलसीडी लगी है। ट्रेन में वाईफाई के साथ-साथ कैटरिंग का मेन्यू मशहूर शेफ द्वारा तैयार किया गया है। यात्रियों को मुफ्त में 25 लाख रुपये का रेल यात्रा बीमा मिलेगा। हर कोच में इंटिग्रेटेड ब्रेल डिस्प्ले, डिजिटल डेस्टिनेशन बोर्ड्स और इलेक्ट्रॉनिक रिजर्वेशन चार्ट



भी हैं। तेजस एक्सप्रेस मुंबई-अहमदाबाद रूट पर सुबह 06.40 बजे अहमदाबाद से चलेगी और दोपहर 01 बजट 10 मिनट पर मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इस ट्रेन का नंबर अहमदाबाद से चलते वक्त 82902 होगा। वहीं मुंबई से वापसी में इसी ट्रेन का नंबर 82901 हो जाएगा. ये ट्रेन मुंबई सेंट्रल से दोपहर बाद 3 बजकर 40 मिनट पर चलेगी और रात 9 बजकर 55 मिनट पर अहमदाबाद पहुंचेगी।

## छपाक' में अपर्णा भट्ट को दें श्रेय, वरना 15 से नहीं होगी मूवी की स्क्रीनिंग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अभिनीत छपाक फिल्म में एसिड अटैक पीड़िता की वकील अपर्णा भट्ट को क्रेडिट देने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने फॉक्स स्टूडियो की याचिका को खारिज कर दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पटियाला हाउस कोर्ट के फैसले को ही सही ठहरा दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने वकील अपर्णा भट्ट को श्रेय दिए बिना फिल्म छपाक के रिलीज़ पर रोक लगाई है, जिन्होंने कानूनी लड़ाई में एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल का प्रतिनिधित्व किया। आदेश मल्टीप्लेक्स और लाइव स्ट्रीमिंग के लिए 15 जनवरी से और अन्य लोगों के लिए 17 जनवरी से लागू होगा।

» दिल्ली हाई कोर्ट का निर्णय




छपाक के रिलीज से पहले अपर्णा भट्ट ने पटियाला हाउस में याचिका दायर की थी। याचिका में उन्होंने फिल्म में क्रेडिट नहीं दिए जाने की बात कही गई थी। इस मामले पर पटियाला हाउस ने फिल्म निर्माताओं को रिलीज से पहले फिल्म में अपर्णा भट्ट को क्रेडिट देने का आदेश दिया था।

लेकिन बाद में छपाक की मार्केटिंग टीम फॉक्स स्टूडियो ने दिल्ली हाईकोर्ट में पटियाला हाउस के निर्णय को चुनौती दे दी थी। अब इसी मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस के फैसले को सही ठहराते हुए फॉक्स स्टूडियो की याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के निर्णय के बाद अब फिल्म निर्माता को वकील अपर्णा भट्ट को क्रेडिट देना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने बताया कि अपर्णा भट्ट को क्रेडिट दिए बिना 15 जनवरी से मल्टीप्लेक्स में फिल्म पर रोक लगा दी जाएगी और लाइव स्ट्रीमिंग आदि में भी प्रदर्शन नहीं होगा, जबकि अन्य के लिए ये रोक 17 जनवरी से होगी।